धनबाद शहर की हवा शुद्ध करने के लिये नगर निगम करेगा 187 करोड़ रुपए खर्च

चर्चा में क्यों?

13 अक्टूबर, 2022 को केंद्र सरकार के नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर निगम धनबाद ने शहर की हवा को शुद्ध करने के लिये केंद्र सरकार के निर्देश पर 187 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम में धनबाद शहर को भी शामिल किया है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम पाँच साल की योजना है, जिस पर प्रदूषण विभाग व आइएसएम आइआइटी सहायक की भूमिका में काम कर रहे हैं।
- पहले साल के लिये 77 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया है। इसके दूसरे फेज में 110 करोड़ रुपए की कार्य योजना तैयार की गई है, जिस पर नगर विकास विभाग से हरी झंडी मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा।
- धनबाद शहर की हवा में धूलकण की मात्रा अधिक है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। इसके लिये 50 करोड़ रुपए का वाटर स्प्रिंकलर, मैकेनिक स्वीपर मशीन, डेसलेगिंग मशीन खरीदी गई तथा 12 करोड़ रुपए का पेवर ब्लॉक बिछाया गया है। दो करोड़ रुपए का मोहलबनी व मटकुरिया शमशान घाट में विद्युत शवदाह गृह बनाया जा रहा है।
- धनबाद शहर की 10 जगहों पर 25 करोड़ रुपए का एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जा रहा है।
- हवा को शुद्ध करने में असर सोशल इंपैक्ट एडवाइस एजेंसी सलाहकार की भूमिका निभाएगी। इसके लिये धनबाद नगर निगम व असर के बीच करार हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/municipal-corporation-will-spend-rs-187-crore-to-purify-the-air-of-dhanbad-city